प्रेषक,

अभय प्रताप श्रीवास्तव,
अनुसचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-10 लखनऊ दिनांक 17 जनवरी, 2024

विषयः- वित्तीय वर्ष 2023-2024 में राज्य योजना (सामान्य) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत गोंडा क्षेत्र के 03 चालू निर्माण कार्यों हेतु धनराशि का आवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रमुख अभियंता,(31वां वृत्त सेतु), लो0नि0वि0, लखनऊ के पत्र (निम्न तालिका के स्तम्भ-2 में उल्लिखित) के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निम्न विवरणानुसार राज्य योजना (सामान्य) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत गोंडा क्षेत्र के 03 चालू निर्माण कार्यों हेतु निम्न तालिका के स्तम्भ-5 में उल्लिखित शासनादेश द्वारा निर्गत प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के क्रम में वित्तीय वर्ष 2023-24 में रू0 535.73 लाख (रूपये पॉच करोड़ पैतीस लाख तिहत्तर हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र0 सं0	कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0 (31 वां वृत्त सेतु) लो0नि0वि0, लखनऊ के पत्र	खण्ड / जनपद का नाम	कार्य	स्वीकृति का शासनादेश संख्या	स्वीकृत लागत / प्राविधिक लागत	बचत	बचत के उपरान्त कार्य की लागत	अब तक आवंटन	अवशेष	क्षेत्र से मांग	वित्तीय वर्ष 2023-24 में आवंटन		
											अनुदान सं0-57	अनुदान सं0-83	योग (12 +13)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1	7233 / सीई-एसईबी/ आरवाईबी/ जीओएन/ 2023-24 दिनांक 01.01. 20 24	प्रा.ख. बहराइच	जनपद बहराइच में ग्रामसभा गुरगुटटा एवं सर्राकला के बीच जमुनहिया नाला पर 6x4x4 मी. स्पान लघु सेतु , पहुंच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	12/2023/1546/001-1546/23-10-22-12(सेतु)/ 2022 टी 0 सी 0- दिनांक- 12-01-2023	225.88/ 225.88	0.85	225.03	15.32	209.71	209.71	165.23	44.48	209.71
2		नि.ख.-1 गोण्डा	जनपद गोण्डा में असरथा महापुरवा घाचा नाले पर 5x6 मी. स्पान का आर.सी.सी. बॉक्स कल्वर्ट , पहुंच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	22/2023/1544/23-10-22-03(सेतु)/ 2022- दिनांक- 03-02-2023	313.88/ 313.88	1.90	311.98	156.94	155.04	155.04	122.16	32.88	155.04
3		नि.ख.-1 गोण्डा	जनपद गोण्डा में ग्रामसभा दुल्लापुर ब्लाक नवाबगंज के तुलसीपुरिहनपुरवा ग्राम के पास के नाले पर 3x6 मी 0 स्पान आर 0 सी 0 सी 0 लघु सेतु एवं पहुँच मार्ग के निर्माण कार्य।	78/2023/478/23-10-2023-15(सामान्य)/ 2023- दिनांक- 28-03-2023	182.29/ 182.29	0.15	182.14	11.16	170.98	170.98	134.72	36.26	170.98
			योग :-			2.9 0	719.15	183.42	535.73	535.73	422.11	113.62	535.73

(रूपये पॉच करोड़ पैतीस लाख तिहत्तर हजार मात्र)

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

नियम व शर्ते /प्रतिबन्धों

(1) **उक्त धनराशि केवल अंकित परियोजना पर ही मानक व विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा।**

(2) राज्य योजनान्तर्गत निर्माणधीन सेतु की गुणवत्ता एवं निर्माण की प्रगति की नियमित समीक्षा कर निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण किया जाय तथा समीक्षा रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध करायी जाय।

(3) उक्त सेतु के अंश, लोक निर्माण अंश में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष पृथक-पृथक वित्तीय प्रगति सहित वास्तविक भौतिक प्रगति तथा उपयोगिता प्रमाण-पत्र एवं उनके स्थलीय फोटोग्राफ शासन को उपलब्ध कराया जाय।

(4) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17 मार्च, 2023 में दिये गये दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) उक्त तालिका के स्तम्भ-5 में अंकित मूल स्वीकृति के शासनादेशों में उल्लिखित शर्तें व प्रतिबंध आदि यथावत लागू रहेंगी।

(6) लोक निर्माण विभाग में वर्तमान में प्रचलित व्यवस्थानुसार बजट का ऑनलाईन आवंटन किये जाने हेतु डी.डी.ओ.कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश सं.-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04.05.2022 निर्गत किया गया है। अतः अब समस्त धनराशि का आहरण-वितरण सम्बन्धी कार्य, आहरण-वितरण अधिकारी द्वारा वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग-6 में निहित प्राविधानों एवं सम्बन्धित वित्तीय नियमों/शासनादेशों व उक्त शासनादेश दिनांक 04.05.2022 में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।

(7) यदि उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव व सूचनाओं में कोई विसंगति/त्रुटि पायी जाती है, तो इसके लिए मुख्यालय /निगम/क्षेत्र के संबंधित अधिकारी पूर्णरूपेणउत्तरदायी होंगे। इसके अतिरिक्त मुख्यालय/निगम/क्षेत्र के संबंधित अधिकारियों द्वारा यदि किसी प्रस्ताव में कोई गलत सूचना देकर या छिपाकर अधिक धनराशि शासन से अवमुक्त करा ली जाती है अथवा व्यपगत धनराशि को चालू कार्य के रूप में स्वीकृत करा लिया जाता है, तो उनके विरूद्व कठोर कार्यवाही के साथ ही यथापेक्षित धनराशि की वसूली भी सुनिश्चित की जायेगी।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय (*1*) **रुपये** 4,22,11,000 (**रुपये चार करोड़ बाईस लाख ग्यारह हजार मात्र**) **को चालू वित्तीय वर्ष** 20232024 **के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या** 057 **लेखा शीर्षक** 5054041010421 **कृषि विपणन सुविधा हेतु ग्रामीण सेतु निर्माण कार्य (चालू योजना)मानक मद** 24 **वृहत् निर्माण कार्य**(*2*) **रुपये** 1,13,62,000 (**रुपये एक करोड़ तेरह लाख बासठ हजार मात्र**) **को चालू वित्तीय वर्ष** 20232024 **के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या** 083 **लेखा शीर्षक** 5054047891400 **कृषि विपरण सुविधाओं हेतु ग्रामीण सेतुओं का निर्माण (चालू कार्य)मानक मद** 24 **वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।**

3- **यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-**1 **के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2**/2023/**बी-**1-227/**दस-**2023-231/2023, **दिनांक-17 मार्च**, 2023 **व कार्यालय ज्ञाप संख्या-10**/2023/**बी-**1-602/**दस-**2023-231/2023, **दिनांक-19 सितम्बर**, 2023 **में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।**

भवदीय,

(अभय प्रताप श्रीवास्तव)
अनुसचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

संख्या-24/2024/44 /001-44-23-10002-002-22-2023, **तददिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

(1) **महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय**, उ0प्र0 **प्रयागराज ।**

(2) **महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय**, उ0प्र0 **प्रयागराज ।**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(3) **संबंधित मण्डलायुक्त/संबंधित जिलाधिकारी ।**
(4) **संबंधित मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग ।**
(5) **मुख्य अभियंता (सेतु), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।**
(6) **संबंधित कोषाधिकारी।**
(7) **वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8।**
(8) **राज्य योजना आयोग अनुभाग-1/2 ।**
(9) **श्री राजेश प्रताप सिंह (उप सचिव/नोडल अधिकारी), लोक निर्माण विभाग ।**
(10) **गार्ड फाइल ।**

आज्ञा से,

(अभय प्रताप श्रीवास्तव)
अनुसचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।